मानसून की झमाझम दस्तक, 2 इंच ज्यादा बारिश, शहर तरबतर

- सड़के बनी तालाब, देर शाम भी जारी थी रिमझिम

उज्जैन। धार्मिक नगरी में शनिवार को मानसून की दस्तक झमाझम तरीके से हुई। दोपहर 12 बजे शुरू हुई बारिश रुक रुक कर शाम 6 बजे तक होती रही। मानसून के पहले दिन ही दो दिन से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी थी वहीं शाम को भी रिमझिम का दौर जारी था।

शहर में मानसून की दस्तक का समय 15 जून माना गया है। इस बार 5 दिन बाद 20 जून शनिवार को मानसून की दस्तक हुई पहली बार में ही झमाझम बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। दोपहर 12 शुरू हुई बारिश करीब 40 मिनट तक जारी रही जिसके बाद बारिश का दौर थम गया। लेकिन आसमान में बादल उमड़ते रहे। दोपहर 3 बजे बाद फिर से झमाझम बारिश की शुरुआत हो गई। इसके बाद करीब 3 घंटे में 2 इंच से अधिक बारिश हो गई। जीवाजी राव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि शाम 6 बजे तक 60 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी थी। उसके बाद कुछ देर रफ्तार कम हुई। शाम 7 बजे फिर 10 मिनट तेज बारिश का दौर चला। 7.30 बजे बाद रिमझिम का सिलसिला बना हुआ था। मानसून की पहली दस्तक की झमाझम के बाद मौसम में ठंडक आ गई थी वहीं पिछले चार दिनों से महसूस हो रही उमस भी खत्म हो चुकी थी मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

जल जमा की स्थिति

सिंहस्थ 2028 को लेकर पूरे शहर में सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों का कार्य प्रगति पर है बारिश की वजह से काम की रफ्तार थम गई थी लेकिन शहर में चारों ओर जल जमाव की स्थिति दिखाई देने लगी चौड़ीकरण मार्गो के आसपास पानी भरा दिखाई दे रहा था। कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई नहीं होने से सड़कों पर गंदगी फैल चुकी थी। जल बहाव के चलते पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

बिजली के खंभे में फैल गया करंट

जूना सोमवारिया क्षेत्र के वार्ड 13 में मस्जिद के पास एक घटना हुई। बारिश के बाद बिजली के खंभे में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से आठ बकरों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगे डीपी को हटाने और विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए पहले भी कई बार अधिकारियों को शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

72 की उम्र में 100 फीट गहरी टनल में उतरे मंत्री खट्टर, सीएम ने की तारीफ

घाट से लेकर सड़क तक देख डाली, दोनों नेताओं ने किया पौधारोपण, गौशाला पहुंचकर खिलाया चारा

उज्जैन। जिस गहरी टनल में उतरने में अच्छे-अच्छे को पसीना आ जाता है उस 100 फीट गहरी टनल में उतरकर 72 साल की उम्र में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर एक ऐसी लिफ्ट से नीचे उतर गए जो जुगाड़ से बनाई गई है, यही नहीं इतनी गहराई में जाकर ऑक्सीजन भी कम हो जाती है बावजूद इसकी परवाह मंत्री ने नहीं की और सिंहस्थ के मद्देनजर बनाई जा रही उस योजना का अवलोकन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ कर डाला, सीएम ने भी मंत्री के हौसले की दाद दी।

सबसे पहले दोनों नेताओ ने त्रिवेणी घाट पहुंचकर सिंहस्थ-2028 के लिए 778 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे 29.15 किलोमीटर लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 150 से अधिक प्रवेश और निकास बिंदु विकसित किए जा रहे हैं। अब तक 18.20 किलोमीटर रिटेनिंग वॉल का निर्माण हो चुका है, जबकि 7 किलोमीटर घाट पूर्ण हो चुके हैं और लगभग 22 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके बाद मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों नेता चिंतामन-जवासिया क्षेत्र पहुंचकर 919.94 करोड़ रुपये की कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने टनल में उतरकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य कान्ह नदी के दूषित जल को शिप्रा नदी में मिलने से रोकना है। 30.15 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 12 किलोमीटर टनल और 18.15 किलोमीटर क्लोज डक्ट का निर्माण किया जा रहा है।

नाम के पौधे लगाए

त्रिवेणी घाट पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने नीम, पीपल तथा रुद्राक्ष के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सभी नेताओं के नाम की पट्टिका बनाई गई थी वहीं पर पौधे रोपे गए। निरीक्षण के दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

12 घंटे चला संगीत का महाकुंभ 400 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

उज्जैन। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शनिवार को कालिदास अकादमी में संगीत के महाकुंभ का आगाज हुआ। हारमोनियम बीट्स संस्था द्वारा आयोजित इस संगीत समारोह के पहले दिन 30 संस्थाओं के 400 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चले इस आयोजन में शास्त्रीय, अर्ध शास्त्रीय, वायलिन, सारंगी, तबला, बांसुरी, हारमोनियम और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जी वाले हनुमान मंदिर एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज, उद्योगपति संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नृत्य गुरु पद्मजा रघुवंशी, वरिष्ठ नृत्य गुरु पल्लवी किशन, जिला अस्पताल चरक भवन की डायरेक्टर हिमांगी चौहान, संयुक्त ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष रेखा भार्गव, भाजपा महिला मोर्चा की प्रीति धानक, अजय शंकर तिवारी, आशुतोष शास्त्री और निरंजन सरसरिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात संस्था की अध्यक्ष प्रीति दीक्षित, कोषाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश शिंदे और सचिव जयेंद्र रावल ने अतिथियों व कलाकारों का सम्मान किया। शाम के सत्र में प्रधानमंत्री से अवार्ड प्राप्त ज्योति चौधरी ने नल यंत्र कला का प्रदर्शन किया। विश्व संगीत दिवस और योग दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी में चल रहे इस समारोह में रविवार को जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहेंगे। वे समारोह में कलाकारों का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति दीक्षित और इंजीनियर मुकेश शिंदे ने किया, जबकि संगीत संयोजन जयेंद्र रावल द्वारा किया गया। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने दी।

गिरफ्त में पांच लाख की फिरौती मांगे वाले बदमाश

उज्जैन। लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर से पांच लाख की फिरौती मांगने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज होना सामने आये है। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर राजेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 बदमाशों द्वारा उनसे पांच लाख की फरौती मांगी जा रही है। बदमाशों ने उन्हे जान से मारने की धमकी देकर पांच हजार रूपये छीन लिये है। मामले में बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और गुरूवार शाम फिरौती मांगने वाले बदमाशों उमेश पिता रमेश कल्याणे, दीपक पिता बाबूलाल कल्याणे, संदीप पिता रामलाल राठौड निवासी सी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से छीने गये पांच हजार में से मात्र 560 रूपये बरामद हो पाये है। शेष राशि खर्च करना बताया। थाना प्रभारी के अनुसार उमेश के खिलाफ पूर्व में 8, दीपक के खिलाफ 5 और संदीप पर 2 अपराधिक मामले दर्ज है। बदमाशों द्वारा बिरलाग्राम और नागदा में कंपनी के कर्मचारियों से आये दिन फिरौती की मांग की जाती है। पूर्व में भी बदमाशों के खिलाफ कई कर्मचारी शिकायती आवेदन दे चुके है। बदमाशों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

एक नजर में

12 स्थानों पर एक साथ सामूहिक योग

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था शहर और ग्रामीण अंचल के 12 स्थानों पर एक ही समय में सामूहिक योगाभ्यास कराएगी। इसके लिए संस्था ने अपने प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों को केंद्र आवंटित कर दिए हैं। मुख्य आयोजन से पूर्व शनिवार को भाजपा के शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल के महामंत्री मुकेश पोरवाल एवं 20 अन्य पदाधिकारियों ने रूपांतरण संस्था के सदस्यों के साथ योगाभ्यास कर तैयारियां परखीं। संस्था द्वारा उज्जैन शहर में रूपांतरण योग केंद्र, बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी कार्यालय, डाक विभाग देवासगेट, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मक्सी रोड, वाल्मीकि धाम पिपलीनाका और सेठी नगर स्थित भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर योग कराया जाएगा। इन केंद्रों पर प्रशिक्षण के लिए खुशाल चावड़ा, खुशबू शर्मा, निहारिका आसवानी, स्नेहा जादव, आयुषी ठाकुर, गरिमा गिरी, अर्पणा रॉय, कुसुम सोलंकी, ज्ञानवती रैकवार, जयदीप सिंह, पंकज पाटीदार, अनुतोष नाइक, रीती शर्मा, कृति वर्मा और डॉ. मेनका कुरील को नियुक्त किया गया है। भूमिका डेव एवं सोनू पंचाल सामूहिक योगाभ्यास का संचालन करेंगे।

योग शिविर में सूर्य नमस्कार का अभ्यास

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फतेहपुरिया अग्रवाल महिला मंडल द्वारा विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं ने न केवल शारीरिक आसनों का अभ्यास किया, बल्कि आध्यात्मिक चेतना जागृत करते हुए मेडिटेशन के जरिए साक्षात भगवान महाकाल के दर्शनों की अनुभूति भी प्राप्त की। शिविर के दौरान योगाचार्य सोनम अग्रवाल ने ताली योग का महत्व बताते हुए सूक्ष्म योग का अभ्यास कराया। योगाचार्य भारती शर्मा ने सूर्य नमस्कार और कठिन आसनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात रुचिका हरभजनका ने मेडिटेशन कराया, जिसके माध्यम से महिलाओं को भगवान महाकाल के दर्शन करवाए गए। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को ऐसी अनुभूति हुई मानो वे साक्षात महाकाल मंदिर परिसर में ही दर्शन कर रही हों। इसके बाद मोनिका अग्रवाल ने योग के विभिन्न आसनों, श्वास क्रिया और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस योग शिविर के सफल आयोजन और संचालन में महिला मंडल की सरोज अग्रवाल, पूनम खेमानी, अनीता सुरेखा, नम्रता हरभजनका, आशा भगत, शैलजा बैराठी, निशा हरभजनका, राजकुमारी पसारी, सीमा गर्ग और शिप्रा बजाज का विशेष सहयोग रहा।

उज्जैन कार्यालय में सम्मान समारोह

उज्जैन। अजाक्स उच्च शिक्षा विभाग के प्रांतीय विभागीय अध्यक्ष पद पर डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय को नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर उज्जैन अजाक्स कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अजाक्स पदाधिकारियों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस उपलब्धि को उज्जैन के लिए गौरव बताया है। समारोह में डॉ. मालवीय ने अपनी नियुक्ति के लिए अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस, प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष इंजी. एसएल सूर्यवंशी और संरक्षक व पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जेएन कांसोटिया के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रांतीय महासचिव महेश विरोलिया ने डॉ. मालवीय को बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व क्षमता से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। अजाक्स के उज्जैन जिलाध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए प्रांतीय नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. मोहन निमोले ने किया। अंत में आभार डॉ. जेएल खागोड़े ने माना। इस अवसर पर दरियाव सिंह गहेलोत, अविनाश गुजराती विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समाधि खोदकर निकाली लाश, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

- मंगलनाथ मंदिर के समीप 9 दिन पहले बाबाओं ने दफना दिया था, पीएम के बाद होगा खुलासा

उज्जैन। मंगलनाथ मंदिर के समीप नदी किनारे पुलिस ने समाधि खोदकर एक साधु की लाश बाहर निकाली है। जिसे 9 दिन पहले बाबाओं ने दफना दिया था। साधु का शव मिलने के बाद भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सच सामने आ जाएगा।

जावरा के रहने वाले अनिल जोशी ने चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी थी कि उसका भाई गंगेश्वर गिरी उर्फ सुनील जोशी 40 वर्ष साधु था जो 10 जून से लापता है। करीब डेढ़ साल से वह मंगलनाथ मंदिर के पास मलानी बाबा की कुटिया में रह रहा था। 17 जून को वह भाई से मिलने उज्जैन आया था लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलनाथ मंदिर के आसपास पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि गंगेश्वर गिरी की 10 जून की रात मौत हो गई थी। जिसे राजेश गुरु और कृष्णा दास ने क्कुटया के समीप नदी किनारे समाधि दे दी है। मामला गुमशुदा का होने और जानकारी सामने आने पर भाई द्वारा हत्या का आरोप लगाया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू करते हुए शुक्रवार शाम समाधि की खुदाई करवाई और शव को बाहर निकाला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। आज सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है जिसकी रिपोर्ट आते ही मौत का सच सामने आ जाएगा।

भास्करानंद से चल रहा था विवाद

भाई अनिल जोशी का आरोप था कि भाई की हत्या में नीमच के महाराज भास्करानंद और लंगड़ा गुरु का हाथ हो सकता है। भाई गंगेश्वर गिरी ने भास्करानंद से दीक्षा ली थी और वह पिछले 16 सालों से साधु का जीवन जी रहा था। भास्करानंद से उसका विवाद भी हुआ था। उसने ही नीमच से उज्जैन आकर भाई की हत्या की है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने भास्करानंद से संपर्क करने का प्रयास किया। बमुश्किल बात होने पर उसने बताया कि गंगेश्वर गिरी को डेढ़ साल पहले अपने यहां से भगा दिया था। उसका यह भी कहना था कि गंगेश्वर का सामान नीमच में रखा है जिसे आकर ले जा सकते हैं। मामले में चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की विवेचना शुरू की जाएगी। मृतक के भाई द्वारा लगाए गए आरोप सिद्ध होते ही भास्करानंद को भी पूछताछ के लिए उज्जैन लाया जाएगा। फिलहाल मृतक को समाधि देने वाले दो बाबाओं से पूछताछ का प्रयास किया जा रहा है।

लाश छिपाने वाले आरोपी हिरासत में

उज्जैन। कालियादेह बावनकुण्ड पर हत्या कर छुपाई गई लाश का खुलासा दो आरोपियों के हिरासत में आते ही हो गया। आरोपी मृतक के दोस्त थे शराब पीने के दौरान विवाद होने पर दोनों ने हत्या कर लाश को छुपा दिया था। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि कालियादेह बावनकुण्ड से कपड़ों के ढेर में छुपा कर रखी गई खून से सनी लाश बरामद की गई थी। जिसकी पहचान हीरालाल पिता मोतीराम केवट 40 साल के रूप में हुई। मृतक पिछले 15 सालों से बावनकुण्ड के पास नारियल एकत्रित करने और मछली पकड़ने का काम करता था। परिजनों को सूचना देने पर भाई सुरेश केवट और रिश्तेदारों ने घटनास्थल पर पहुंचे बताया कि हीरालाल की पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी थी वह अकेला ही कुंड के आसपास रहता था। रात में भी घर नहीं आता था रिश्तेदार कालियादेह ग्राम में ही रहते हैं। पुलिस के अनुसार मामला हत्या का होने पर प्रकरण दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि हीरालाल की हत्या में दिलीप उर्फ दद्दे पिता नरसिंह केवट 32 वर्ष और मुकेश पिता गट्टूजी केवट 35 वर्ष, निवासी आबूखाना, कालियादेह के पास शामिल है दोनों को चंद घंटे बाद हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो शराब पीने के दौरान हुए विवाद में हत्या किया जाना सामने आ गया पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

श्री महेश नवमी महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 23 तक

- आज विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी इस्कान मंदिर से

उज्जैन। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा से अधिकृत संस्था श्री उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा द्वारा इस वर्ष श्री महेश नवमी महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ किया जा रहा है। दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन दिनांक 21 एवं 23 जून 2026 को श्री महेश धाम, उज्जैन में आयोजित होगा।

सभा के प्रचार सचिव नितिन बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार 21 जून को प्रात: 8 बजे इस्कॉन मंदिर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली का नेतृत्व उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजय लड्ढा, सचिव राजेश पलोड़, संयोजक योगेश मंडोवरा, अभिनंदन शारडा, निलेश हेड़ा तथा माहेश्वरी जिला युवा संगठन उज्जैन के अध्यक्ष प्रखर काकानी, सचिव आदेश लड्ढा एवं संयोजक उत्सव चेचानी के मार्गदर्शन में समाजजन द्वारा किया जाएगा। वाहन रैली इस्कॉन मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री महेशधाम अंकपात मार्ग पर पहुंचेगी। सायं 7 बजे से श्री महेश मेला का आयोजन होगा।

होंगे सांस्कृतिक आयोजन के साथ स्पर्धा

इसके साथ ही तंबोला, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के दूसरे दिवस मंगलवार 23 जून को प्रात: 8 .30 बजे श्री महेश धाम स्थित श्री बिल्केश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा।चल समारोह के पश्चात सायं 7 .30 बजे श्री महेश धाम में सहभोज का आयोजन होगा। श्री महेश मेला एवं महेश नवमी महोत्सव में पधारने वाले सभी समाज बंधुओं के लिए सहभोज की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव को सफल बनाने के लिए समाजजन द्वारा तैयारियां पूर्ण उत्साह एवं समर्पण के साथ की जा रही हैं।

एक नजर में

सपरिवार विधि-विधान से की पूजा अर्चना, ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी भी रहे मौजूद

जयपुर के भक्त ने अर्पित किया 1 किलो 300 ग्राम चांदी का कलात्मक छत्र

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा रखते हुए जयपुर के सन सिटी नीदड़ निवासी भागचंद बलेसरा ने बाबा महाकाल को 1 किलो 300 ग्राम चांदी से निर्मित अत्यंत सुंदर और कलात्मक छत्र अर्पित किया। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारियों ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यह दिव्य छत्र बाबा महाकाल के मुख मंडल पर धारण कराया।

भक्त भागचंद बलेसरा ने अपनी धर्मपत्नी सीता देवी, पुत्र गोविंद बलेसरा व सीताराम बलेसरा, पुत्री ममता, सुमन, अनिता और पौत्र महावीर बलेसरा के साथ यह भेंट समर्पित की। सपरिवार बाबा महाकाल के दर्शन कर सभी ने सुख-शांति व मंगल कामना की प्रार्थना की।

छत्र अर्पण के दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया, उज्जैन हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वरुण शर्मा, उज्जैन युवा मंच के अध्यक्ष विवेक शर्मा और महाकाल मंदिर समिति के पीआरओ आशीष पलवाड़िया उपस्थित थे। इनके साथ ही जयपुर राजस्थान से आए परिजन राजकुमार बलेसरा, रमेश बंदावला, गोपाल बापलावत, जगदीश कोठोत्या, जयप्रकाश बिवाल और घनश्याम गगोरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता

उज्जैन। चुनाव के समय बूथ कमेटियां मजबूत होनी चाहिए और कार्यकर्ता हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार रहें। यह बात मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने शहर कांग्रेस संगठन की बैठक में कही। बैठक की शुरुआत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। बैठक को मुकेश भाटी ने भी संबोधित किया। बैठक में अमित शर्मा, अनिल गोस्वामी, सुरेंद्र रघुवंशी और डॉ. रवि राय ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों, पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्षों और वार्ड अध्यक्षों ने शहर और वार्ड स्तर की समस्याओं पर अपने सुझाव रखे। अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर राजेश राणा, अशोक सारवान, चंद्रभान सिंह चंदेल सहित सभी मंडलम अध्यक्ष उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को दिया प्राणायाम का प्रशिक्षण

उज्जैन। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, प्राण और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक दिव्य साधना है। इसी उद्देश्य के साथ आरोग्य भारती मालवा प्रांत की उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण टोली द्वारा शनिवार को विश्व योग सप्ताह मनाया गया। इसके तहत गो ग्रीन हायर सेकेंडरी स्कूल चिंतामन जवासिया और घटिया तहसील में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुराग आचार्य ने विद्यार्थियों को प्राणायाम और विभिन्न आसनों का विशेष प्रशिक्षण दिया। शिविर में गो ग्रीन स्कूल के प्राचार्य गिरीश टेकने एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम में ओपी पालीवाल, महेंद्र पाटीदार, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र बारूपाल ने सहभागिता की।

शिप्रा की लहरों पर नन्हे तैराकों ने किया जल योग

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को रामघाट स्थित शिप्रा नदी में नन्हे तैराकों ने जल योग किया। मां शिप्रा तैराक दल के मार्गदर्शन में तैराकी सीख रहे बच्चों ने शिप्रा की लहरों पर उत्कृष्ट संतुलन बनाकर जल योग की अनोखी प्रस्तुतियां दीं। संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी और महिला प्रशिक्षक सपना माली ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले कई सालों से योग दिवस पर नियमित रूप से जल योग किया जा रहा है। हर साल कुछ नया करने के उद्देश्य से इस वर्ष नन्हे तैराकों ने पानी में योग पिरामिड, अनुलोम-विलोम और ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने के साथ ही नदी में कई आकर्षक आकृतियां बनाईं।